दैनिक भास्कर 10/05/2023

# जीएमएन कॉलेज के 75 साल पूरे होने पर लगाया रोजगार मेला, 500 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया

भास्कर न्यूज | अम्बाला



जीएमएन कॉलेज के 75 साल पूरे होने पर प्लेसमेंट कमेटी की संयोजक डॉ. अनुपमा सिहाग के नेतृत्व में रोजगार मेले का आयोजन किया, जिसमें 20 कंपनियां सम्मिलित हुईं। गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष डॉ. गुरदेव सिंह, प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त की अध्यक्षता, संयोजक डॉ. राकेश कुमार व प्लेसमेंट कमेटी की संयोजक डॉ. अनुपमा सिहाग ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. राजेश गोयल, हरियाणा सरकार तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. धर्मपाल, क्षेत्रीय निदेशक, इग्नू, करनाल उपस्थित रहे। डॉ. राजेश गोयल ने कहा कि कॉलेज की ये अनूठी पहल है जिसके माध्यम से विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पूरी करते ही रोजगार प्राप्त कर रहा है। रोजगार मेले में 500 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया। ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑफिसर श्याम रहेजा ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर ऑर्गेनाइजेशन फॉर सोशल एंड कल्चरल (ओस्का) ने डॉ. राजेश गोयल, जीएमएन कॉलेज गवर्निंग बॉडी प्रधान डॉ. गुरदेव सिंह, डॉ. धर्मपाल व प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त को उनके सामाजिक व शैक्षणिक कार्यों की उपलब्धियों के लिए राष्ट्र गौरव सम्मान 2023 से नवाजा।